# परीक्षा हेतु छात्रों/छात्राओं को दिशा निर्देश

सभी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षा सत्र अप्रैल–मई 2020 के लिए निम्नलिखित दिशा निर्देश किए जाते हैं।

**(अ) अंतिम सेमेस्टर की सैद्धांतिक (Theory) एवं प्रायोगिक (Practical) परीक्षा ली जाएगी।**

1. अंतिम सेमेस्टर के सभी छात्रों की परीक्षा ऑनलाईन के माध्यम से ली जाएगी।
2. विषय से संबंधित पाठ्यक्रम (Syllabus) के अंतर्गत प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे।
3. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन निम्नलिखित टेबल के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

| S.No. | Course | C.T. | T.A. | ESE | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Previous Marks | Online Marks | C T Marks | Total (ESE) | |
| 1 | B. E./ B. Arch. | 20 | 20 | 40 | 30 | 10 | 80 | **120** |
| 2 | B. Pharma | 15 | 10 | 40 | 25 | 10 | 75 | **100** |
| 3 | Diploma/PTDC | 20 | 20 | 50 | 30 | 20 | 100 | **140** |
| 4 | D. Pharma | 20 | 20 | 40 | 30 | 10 | 80 | **120** |
| 5 | MBA/PTMBA | 10 | 10 | 40 | 30 | 10 | 80 | **100** |

4. परीक्षा के दिन प्रातः काल 10:00 बजे प्रश्न पत्र को प्राचार्य/विभागाध्यक्ष के ईमेल/व्हाट्सअप इत्यादि के माध्यम से छात्रों को प्रेषित (Send) कर दिया जाएगा। छात्रों के द्वारा स्केन की गई उत्तरपुस्तिका को संबंधित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष के ईमेल/व्हाटसअप में भेजा जाएगा।
5. छात्र के द्वारा A4 साईज का पेज उपयोग में लाया जाएगा, एवं प्रश्नों का उत्तर तर्कसंगत (to the point) लिखा जाएगा। प्रथम पृष्ठ का प्रारूप विश्वविद्यालय के वेबसाईट में प्रकाशित किया जाएगा एवं प्राचार्य के द्वारा छात्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक

पृष्ठ में ऊपर दांहिनी तरफ छात्र अपना अनुक्रमांक एवं पृष्ठ के नीच दांहिनी तरफ पृष्ठ क्रमांक दर्ज करें।

6. स्कैन करते समय छात्र द्वारा सावधानी बरतें कि पूरा पृष्ठ (Page) का स्पष्ट इमेज होना चाहिए एवं उसका पीडीएफ (PDF) फार्म पूर्णतः मूल्यांकन योग्य (Visible and Readable) होना चाहिए।
7. छात्रों के द्वारा यह निश्चित करें कि अंतिम उत्तर समाप्त हो गया है। अंतिम उत्तर समाप्ति पश्चात् शेष पृष्ठ को काटा जाना चाहिए।
8. समय सीमा के अंतर्गत छात्र को उत्तरपुस्तिका के स्केन कॉपी दिए गए ईमेल/व्हाट्सअप में प्रेषित किया जाना है उसके पश्चात् उत्तरपुस्तिका को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
9. परीक्षा के दौरान छात्रों को एक दूसरे या अन्य के साथ संपर्क करना निषेध है।
10. छात्रों को यह सलाह दी जाती है कि निरंतर महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.csvtu.ac.in) का अवलोकन करते रहें। जहां पर व्हाट्सअप ग्रुप है उस विभाग के प्राध्यापक/ विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य के संपर्क में रहें।
11. परीक्षा प्रांरभ होने के पूर्व छात्र अपनी उपस्थिति की सूचना अपने विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य को अनिवार्य रूप से दें।
12. प्रायोगिक परीक्षाओं की समय–सारिणी (Time Table) प्राचार्यो के द्वारा सभी विद्यार्थीयों को सैद्धांतिक परीक्षा के पूर्व सूचित किया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक ऑनलाईन आयोजित की जाएगी। परीक्षा समाप्ति पश्चात् उत्तरपुस्तिका का स्केन कर ईमेल/व्हाट्सअप इत्यादि के द्वारा संबंधित प्राचार्य को प्रेषित किया जाएगा।
13. निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत छात्रों द्वारा स्केन उत्तरपुस्तिका प्रेषित न करने की स्थिति में अनुपस्थित माना जाएगा।
14. प्रायोगिक परीक्षा हेतु मौखिक परीक्षा (Viva-Voce) ऑनलाइन/मोबाइल के द्वारा आंतरिक (Internal) एवं बाह्य (External) शिक्षकों द्वारा समय सीमा के अंतर्गत संपन्न की जाएगी।
15. मौखिक परीक्षा के दौरान छात्र को ऑनलाइन (कम्प्यूटर/लैपटॉप/मोबाईल) उपलब्ध होना आवश्यक है अन्यथा अनुपस्थित माना जाएगा।

**(ब) परियोजना का जमा एवं प्रस्तुतीकरण (Project Submission & Presentation)**

1. जहां पर यह लागू होता है छात्र के द्वारा परियोजना कार्य (Project work) संबंधित प्राध्यापक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य को सैद्धांतिक परीक्षा के पूर्व ईमेल/व्हाट्सअप के द्वारा जमा करना आवश्यक है एवं ऑनलाईन प्रस्तुतीकरण संपन्न करें।
2. जहां पर यह लागू होता है संबंधित प्राध्यापक विभागाध्यक्ष परियोजना कार्य (Project work) जमा करने की अंतिम तिथि एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि संस्थ स्तर पर छात्रों को सूचित करें।
3. उपरोक्त दिए गए तिथि में छात्र उपलब्ध रहें अन्यथा उनको अनुपस्थित माना जाएगा।

**(स) अपवाद**

1. यदि छात्र इंटरनेट कनेक्टिविटी या विद्युत आपूर्ति के बाधित होने के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सका तो उसे पुनः परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे सभी प्रभावित छात्रों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। एवं उनका परीक्षा परिणाम अलग से घोषित किया जाएगा।